विज्ञापन रचना (Advertisement Making)

विज्ञापन का अर्थ - विज्ञापन शब्द वि+ज्ञापन दो शब्दों से मिलकर बनता है। 'वि' का अर्थ होता है 'विशेष' और 'ज्ञापन' का अर्थ होता है- 'सार्वजनिक सूचना'। 'विज्ञापन' ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करके वस्तु को बेचने का एक सशक्त माध्यम है।

विज्ञापन के प्रकार

वैसे तो विज्ञापन कई प्रकार के होते हैं, जैसे कि -

- स्थानीय विज्ञापन
- वर्गीकृत विज्ञापन
- जनकल्याण संबंधी विज्ञापन
- उत्पाद संबंधी विज्ञापन

परन्तु यहाँ पर उत्पाद संबंधी विज्ञापन के बारे में हम अच्छी तरह से चर्चा करेंगे क्योंकि आपकी कक्षा के लिए यही उपयोगी है|

उत्पाद संबंधी विज्ञापन (किसे कहते हैं?) - इस प्रकार के विज्ञापन से जनता अथवा उपभोक्ताओं को आकर्षित करने की कोशिश की जाती है, जिससे वे उत्पादन को ज़रुर खरीद लें|इसके अंतर्गत किसी कंपनी का कोई उत्पादन हो सकता है|

जैसे- टेलीविजन,कार,घड़ी,पंखा,वाशिंग मशीन,शैम्पू,तेल,दंतमंजन इत्यादि |

विज्ञापन तैयार करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए -

(1) वह आकर्षक होना चाहिए।

(2) प्रभावशाली तरीके से कम शब्दों में अपनी बात कहनी चाहिए।

(3) कोई पंक्ति ऐसी लिखनी चाहिए जो 'स्लोगन' की तरह हो|

(4) उसमें किसी 'चित्र' या 'रेखाचित्र' का प्रयोग करना चाहिए।

(5) जिस विषय के बारे में हो उसकी विशेषताओं/महत्त्व को बताने वाले हों।

(6) उसे बॉक्स में ही प्रस्तुत करें, इससे अधिक प्रभावशाली लगता है।

(7) प्रभावशाली बनाने के लिए रंगीन रंगों का प्रयोग भी किया जा सकता है।

उदाहरण -

प्र- टेलीविजन पर एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए|



Home Work- किसी शैंपू पर एक आकर्षक विज्ञापन बनाइए |

-- धन्यवाद -